पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
POWER FINANCE CORPORATION LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Govt. of India Undertaking)
(आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित) (ISO 9001:2015 Certified)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

8 मार्च, 2021

"अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस" 2021 समारोह

नई दिल्ली, 8 मार्च 2021: पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफ़सी), विद्युत क्षेत्र में अग्रणी एनबीएफ़सी ने "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" पूरे उत्साह के साथ मनाया और महिलाओं के लिए एक सहायक कार्य वातावरण बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर श्रीमती प्रमिन्द्र चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफसी ने कार्यस्थल में समावेश और विविधता के महत्व के बारे में बताया और जीवन के सभी क्षेत्रों में लैंगिक भेदभाव को खत्म करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्रीमती मीनाक्षी डावर, पूर्व निदेशक (एचआर), पीओएसओसीओ ने श्रीमती प्रमिन्द्र चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफसी की उपस्थिति में 'महिला सशक्तिकरण' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। पीएफसी का उद्देश्य महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, सहयोग करने और समर्थन करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाकर महिलाओं को सशक्त बनाना और भाईचारे को प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष की थीम "#ChooseToChallenge" को ध्यान में रखते हुए, पीएफ़सी जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

हस्ता/-

(एस एस राव)

वरिष्ठ महाप्रबंधक (पीआर)

पंजीकृत कार्यालय : "ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 दूरभाष : 23456000 फैक्स : 011-23412545
Regd. Office : "Urjanidhi", 1, Barakhamba Lane, Connaught Place, New Delhi-110001 Phones : 23456000 Fax : 011-23412545
वैबसाईट / Website : www.pfcindia.com ● **CIN : L65910DL1986GOI024862**